# विदर्भ स्वाभिमान

संपादक - सुभाषचंद्र जमुनाप्रसाद दुबे 9423426199/8855019189.

❖ अमरावती, गुरूवार 5 से 11 दिसंबर 2024 ❖वर्ष :15 ❖ अंक- 24 ❖ पृष्ठ 8 ❖ मूल्य - 4/- पोस्टल रजि.नं ATI/RNP/268/2022-2024 ❖डाक : शुक्रवार-शनिवार


## आज ताजपोशी,फिर समंदर बन लौटे

**आजाद मैदान पर मुख्यमंत्री के रूप में लेंगे शपथग्रहण,रस्साकशी खत्म रिकार्ड सफलता ने बनाया देवेन्द्र फड़णवीस को हीरो, पीएम मोदी,अमित शाह के चहेते**



**विदर्भ स्वाभिमान,4 दिसंबर**

**मुंबई/अमरावती**-महाराष्ट्र में रस्साकशी खत्म हो गई है. देवेंद्र फडणवीस को विधायक दल का नेता चुन लिया गया है. गुरुवार को वह मुंबई के आजाद मैदान में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे. लेकिन बीते 5 साल फडणवीस के लिए आसान नहीं थे. इसके साथ ही महाराष्ट्र फिर से एक बार तेजी से विकास के रथ पर सवार होगा. राज्य में मुख्यमंत्री के रूप में देवेन्द्र फड़णवीस के अलावा दोनों उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजीत पवार भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमित शाह की प्रमुख उपस्थिती में शपथ ग्रहण करेंगे.

कहानी की शुरुआत 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से होती है. भाजपा और तत्कालीन शिवसेना ने गठबंधन में चुनाव लड़ा था. इस गठबंधन के खाते मे 161 सीटें आई थीं, जिसमें से अकेले भाजपा ने 105 सीटें जीती थीं.देवेंद्र फडणवीस मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार थे, लेकिन उद्धव ठाकरे के मन में कुछ और ही फितूर चल रहा था. काफी गहमागहमी और बैठकों के बाद ठाकरे ने शिवसेना को गठबंधन से अलग करने का फैसला किया. इस तरह महाविकासअघाड़ी अस्तित्व में आया, जिसमें शिवसेना, एनसीपी और कांग्रेस शामिल थे.

ये भाजपा के लिए किसी झटके से कम नहीं था. 2014 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 122 सीटों पर जीत मिली थी. ऐसे में 2019 के नतीजे ये बता रहे थे कि गठबंधन का असल फायदा शिवसेना को मिला है.देवेंद्र फडणवीस के एक बयान का अक्सर जिक्र होता है, जिसमें उन्होंने कहा था, 'मैं समंदर हूं, फिर लौटकर आऊंगा.' शिवसेना से मिले झटके के बाद फडणवीस ने इसकी तैयारी शुरू कर दी. महाराष्ट्र में ऑपरेशन लोटस की कोशिश शुरू हुई.2019 में एनसीपी की तरफ से अजित पवार ने भाजपा के समर्थन का एलान कर दिया. सुबह-सुबह फडणवीस और अजित पवार का शपथ ग्रहण कार्यक्रम पूरा कर दिया गया. लेकिन ये कोशिश फेल हो गई. शरद पवार ने अजित के कदम से किनारा कर लिया और एनसीपी ने अपना समर्थन खींच लिया. राज्य में इस चुनाव में महायुति ने रिकार्ड सफलता हासिल करने के साथ ही बहुमत के साथ सत्ता प्राप्त की है. मुख्यमंत्री तथा कुछ मंत्रालयों को लेकर तकरार भी खत्म हो गई है.

## विधायक रवि राणा को कैबिनेट बनाने की मांग पकड़ रही जोर



**विदर्भ स्वाभिमान,4 दिसंबर**

**अमरावती-** राज्य विधानसभा चुनाव में पार्टी को जिले में शानदार सफलता दिलाने के लिए दिनरात एक करने वाली भाजपा नेत्री पूर्व सांसद नवनीत राणा के साथ ही बडनेरा में सभी संभावनाओं को झुठलाते हुए लगातार चौथी बार विधायक बने और सदैव देवेन्द्र फड़णवीस के कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले विधायक रवि राणा को राज्य मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री के रूप में शामिल करने की मांग तेज हो रही है. राणा ने बडनेरा विधानसभा क्षेत्र में उल्लेखनीय इतिहास रचते हुए शानदार जीत हासिल की.

बडनेरा क्षेत्र के विकास के साथ ही जिले में अपार लोकप्रिय राणा ने सदैव बिना किसी स्वार्थ के भाजपा तथा देवेन्द्र फड़णवीस का साथ दिया. हर मुसीबत में पूरी ताकत से खड़े रहे. उन्हें कैबिनेट में शामिल करते हुए मंत्री पद से नवाजने की मांग जोर पकड़ रही है. इससे भाजपा को जिले में ताकत मिलने के साथ ही नवनीत राणा के माध्यम से शानदार सफलता प्राप्त होगी. वे अपार लोकप्रिय नेता हैं.


राज्य के लोकप्रिय

नए मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस को हार्दिक

शुभकामनाएं







शुभेच्छुक

मा.आ.रविभाऊ राणा

बडनेरा में जीत का रिकार्ड रचने वाले लोकप्रिय जननेता.

मा.सौ.नवनीत रवि राणा

भाजपा की जीत की शिल्पकार, पूर्व सांसद,अमरावती.


### बाबूजी के आदर्श विचार



### खुशियों के कुछ टिप्स

जीवन में जो लोग केवल स्वयं के लिए जीते हैं, ऐसे ही लोगों का मरण होता है. लेकिन जीवन में जो लोग औरों के लिए जीते हैं, ऐसे लोगों का सदैव स्मरण होता है. हमें मरण देखना है या स्मरण करवाना है, इसका फैसला हमें ही करना होगा. दूसरों के लिए भी जीने का प्रयास करें.


**पेज नंबर 2**

रेलवे दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सतर्कता जरूरी

**पेज नं.2**

बांग्लादेश की घटनाओं से सबक लेना जरूरी हो गया है, तिलमिला रही है मानवता

**पेज नं.3**

स्वास्थ्य ही जीवन में खुशियों की कुंजी होती है, खुश रहें, खुश रखें-डॉ.रामगोपाल तापडिया

**पेज नं. 8**

राज्य विकास का विजन रखने वाले नायक हैं मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस, पारी शुरू


धर्म, मानवता और संस्कारों को बढ़ावा देने वाला, पूरी तरह से सकारात्मक खबरों को प्राथमिकता देने वाला देश का एकमात्र हिंदी साप्ताहिक अखबार




# विदर्भ स्वाभिमान

संपादकीय

## बार-बार की यह लापरवाही पड़ सकती है भारी

*धामणगांव रेलवे स्टेशन पर सप्ताह में रेलवे की दो बार लापरवाही निश्चित ही गंभीर बात है. इस तरह की लापरवाही लोगों की जिंदगी के लिए भारी पड़ सकती है.इस पर वरिष्ठों को ध्यान देने के साथ ही यह सुनिश्चित करना चाहिए कि यह लापरवाही नहीं हो और यात्रियों की जान से खिलवाड़ के मामले को गंभीरता से लिया जाए. नजर हटी की दुर्घटना घटी की कहावत तो आमतौर पर सुनी जाती है और अनुभव की जाती है. लेकिन कभी-कभी हमारी थोड़ी सी सतर्कता बड़ा हादसा टालने में भी सफल होती है. कुछ इसी तरह का अनुभव मंगलवार को अहमदाबाद-हावड़ा एक्सप्रेस में आया. इस यात्री ट्रेन की एक बोगी का चक्का जिले के धामणगांव रेलवे स्टेशन पर जाम हो गया. इससे बड़ी दुर्घटना हो सकती थी लेकिन इसका समय रहते पता चलने पर रेलवे अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा दिखाई गई सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया और गाड़ी में सवार सभी यात्रियों ने राहत की सांस ली. आमतौर पर सभी मामले में अत्याधिक सतर्कता की जरूरत होती है. आज के दौर में जिस तरह का माहौल है, उसमें हर मामले में अत्याधिक सतर्कता की जरूरत होती है. रेलवे कर्मचारियों द्वारा अगर सतर्कता नहीं बरती जाती तो निश्चित तौर पर बड़ा हादसा होकर कईयों की जिंदगी खतरे में पड़ जाती थी. लेकिन समय रहते इसका पता चलने से बड़ा अनर्थ टल गया. मंगलवार को अहमदाबाद - हावडा एक्सप्रेस (12833) की एक बोगी एस-5 का चक्का धामणगांव रेलवे स्टेशन पर अचानक जाम हो गया. जिससे यह ट्रेन लगातार सवा तीन घंटे धामणगांव रेलवे स्टेशन के प्लैट फार्म पर खड़ी रही. जिसके कारण डाउन रूट पर इतने ही घंटे रेल यातायात ठप पड़ गई. ट्रेन में सवार यात्रियों को असुविधाओं का सामना करना पड़ा. आखिरकार वर्धा से पहुंची रेल विभाग की इंजीनियरिंग टीम ने इस रेग से यह एस-5 की बोगी हटा दी. जिसके बाद अहमदाबाद-हावडा एक्सप्रेस अपने गंतव्य के लिए रवाना हो पाई. बोगी का चक्का जाम हो जाने की बात तत्काल ध्यान में आ जाने के कारण बड़ा रेल हादसा टल गया. यह ट्रेन मंगलवार को दोपहर 4 बजे धामणगांव रेलवे स्टेशन के प्लैटफार्म क्रमांक 2 पर पहुंची. इसी दौरान एस-5 बोगी का चक्का जाम हो गया. यह ध्यान में आते ही तत्काल वरिष्ठों को इसकी सूचना देकर ट्रेन रोक दी गई. एस-5 में सवार सभी यात्रियों को दूसरी बोगी में स्थानांतरित किया गया है. इसके दूसरे दिन भी रेलवे के इंजन में इसी स्टेशन पर खराबी आना निश्चित ही चिंता की बात है. रेलवे यात्रियों की सुरक्षा के मामले में अत्याधिक गंभीरता तथा सतर्कता बरतने की जरूरत है.*

# सबक लेना जरूरी हो गया है..



विदर्भ स्वाभिमान

www.vidrabhswabhiman.com 9423426199

मानवता पर जाति,धर्म कितना भारी होता है, इसका उदाहरण बांग्लादेश में देखाजा सकता है. विश्व बंधुत्व की भावना को संस्कार के रूप में मानने वाले हिन्दुओं पर वहां जिस तरह से अन्याय हो रहा है, वह रोंगटे खड़े करने वाला है. पूरा विश्व इस मामले में खामोश है. वहां सरकार, न्याय व्यवस्था सभी पंगु दिखाई दे रही है. सवाल यह है कि मुट्ठी भर समाज विघातक तत्वों ने पूरी व्यवस्था को हिलाकर रख दिया है. इससे अब हिन्दुओं को सबक लेने का समय आ गया है. बच्चों को मोबाइल प्रेमी और नक्कारा बनाने की बजाय मन के साथ शरीर से भी मजबूत बनाने की दिशा में पहल करनी चाहिए.

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के साथ जिस तरह से निर्मम अत्याचार किया जा रहा है तथा मानवता की पींगे हांकने वाले पूरे विश्व के मानवता की दुहाई देने वाले संगठन जिस तरह से शांत हैं और बांग्लादेश में अल्पसंख्यक महिलाओं के साथ जिस तरह से अत्याचार किया जा रहा है इसकी जितनी निंदा की जाए वह कम है. भारत सरकार को इस मामले गंभीरता से पहल करने के साथ ही अन्य देशों को भी यहां जारी नंगा नाच को तत्काल लगाम लगाने की जरूरत है. भारत में आतंकवादियों के लिए घड़ियाली आंसू बहाने वाले राजनीतिक दलों का इस मामले में असली चेहरा सामने आ रहा है. इसके साथ यह भी उतना ही सही है कि जिनमें एकता है, वही समाज, वही राष्ट्र मजबूत हो सकता है. सोशल मीडिया पर बांग्लादेश में जिस तरह से अल्पसंख्यक महिलाओं और युवतियों पर जुल्म ढाया जा रहा है, वह स्थिति देखकर इंसानियत में विश्वास रखने वाले जहां चिंतित है वहीं कई सवाल भी पैदा हो रहे हैं. भारत में जम्मू कश्मीर में लोगों की हत्या करने वाले आतंकवादियों को जब हमारे जांबाज जवान मौत के घाट उतारते हैं तो मानवाधिकार संगठन के यह कथित संगठन जमकर हो हल्ला मचाते हैं.

बांग्लादेश में बेटियों, बहनों तथा माताओं के साथ जारी अन्याय ऐसे संगठनों को क्यों नहीं दिखाई देता है, यह सबसे बड़ा सवाल है. सोशल मीडिया पर जिस तरह से विभिन्न वीडियो वायरल हो रहे हैं और इसमें जिस तरह मानवता को शर्मसार होता दिखाई जा रहा है यह निश्चित ही चिंता के साथ ही चिंतन का विषय है. बांग्लादेश में मुसीबत के दिनों में जिस इस्कॉन संगठन द्वारा बांग्लादेश के नागरिकों को कई महीने तक निशुल्क भोजन जैसी सुविधा दी गई थी, उसे संगठन के भक्तों को गिरफ्तार करने और उन्हें वकील तक नहीं मिलने देना कि मानवता का परिचायक है. बांग्लादेश की स्थिति में इस बात को फिर एक बार साबित कर दिया है की जो लोग एकता के सूत्र में बंधे हुए हैं वही लोग ताकत बन सकते हैं, जो लोग आपस में ही उलझे रहने वाले हैं भविष्य और इतिहास दोनों ही उनको कभी माफ नहीं करता है और ऐसे लोगों के साथ हमेशा अन्याय होता रहा है और होता रहेगा. भारत में जहां करोड़ मुस्लिम रहने के बाद भी पूरी सुरक्षा के साथ रहते हैं वहीं पाकिस्तान, बांग्लादेश जैसे मुस्लिम बहुल राष्ट्रों में अल्पसंख्यक हिंदुओं के साथ जिस तरह का अन्याय किया जा रहा है वह किसी भी रूप में समर्थ नहीं है. बांग्लादेश मैं अल्पसंख्यक महिलाओं पर जिस तरह से अन्याय हो रहा है और उसके खिलाफ कोई भी संगठन सामने नहीं आ रहा है, इसको लेकर शर्मिंदगी का अनुभव आवश्यक हो रहा है. जो लोग धर्मनिरपेक्षता का राग अलापने हैं, ऐसे राजनीतिक दलों का दोगलापन बांग्लादेश की घटना के बाद फिर एक बार साबित हो गया है. भारतीयों में इन घटनाओं को लेकर जिस तरह से दोष है, मानवाधिकार संगठन जिस तरह से खामोश है और धर्मनिरपेक्षता के नाम पर राजनीतिक दुकान लगाने वाले दलों का पर्दाफाश हो गया है. ऐसे नेताओं को वैसे तो भारत में हर चुनाव में लोग धूल चटा रहे हैं लेकिन इसके बाद भी हिंदुओं पर जब भी अन्य होता है उसे समय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भाजपा जैसी कुछ ही पार्टियां आवाज उठाती हैं. बांग्लादेश की घटनाएं हमारे आने वाली पीढियां के लिए एक खतरनाक संकेत हैं, यह घटनाएं यह बताने के लिए काफी है कि अगर अब भी हम एकता के सूत्र में बंधे नहीं रहे तो हमारी बर्बादी का कारण कोई दूसरा नहीं बल्कि हम खुद ही होंगे. विश्व की बेबसी यहां पर दिखाई दे रही है.



# समर्पित व्यक्तित्व हैं देवेन्द्र फड़णवीस

**महाराष्ट्र** की राजनीति में चाणक्य के रूप में देवेन्द्र फड़णवीस को माना जाता है. वे किसी को तकलीफ नहीं देते हैं लेकिन उन्हें तकलीफ देने वाले को कहीं का नहीं छोड़ने वाली प्राकृतिक सौगात उन्हें मिली है. राज्य की राजनीति में 2019 के चुनाव के बाद जिस तरह से योग्यता के बाद भी उन्हें विपक्ष में बैठना पड़ा था, इसके लिए जिम्मेदार लोगों का आज क्या हश्र हुआ है, यह अलग से बताने की जरूरत नहीं है.

ज़ीवन में जो व्यक्ती कर्मठ होता है और किसी का भी नुकसान करने की मानसिकता नहीं रखता है, प्रभु भी उनकी मदद सदैव करते हैं. राज्य में इस बार का चुनाव जिस तरह से हुआ और सभी विपक्षी दलों ने गठबंधन किया बावजूद इसके कांग्रेस का अमरावती जिले में सफाया हो गया, वह बदलते दौर का परिणाम है. अल्पसंख्यक समाज के अलीम पटेल को मिली कामयाबी और हारकर भी जीतने वाली मुद्रा के साथ ही कांग्रेस की सच्चाई भी वह समाज जानने लगा है जिसका कांग्रेस द्वारा सदैव उपयोग किया गया. लेकिन बात जब उन्हें हक देने की आयी तो पार्टी द्वारा झुनझुना थमा दिया गया.

राज्य के इतिहास में पहली बार इस तरह से विपक्ष का पूरी तरह से सफाया होने वाली स्थिति है. कांग्रेस के साथ उबाठा,शरद पवार की राकांपा की स्थिति खतरनाक हुई है. देवेन्द्र फड़णवीस ने स्वयं को समंदर बताया था और लोगों के टिंगल उड़ाया था लेकिन आज मुख्यमंत्री के रूप में शपथग्रहण के साथ ही मुख्यमंत्री के कार्यकाल का भी इतिहास रचने वाले हैं. उनका कार्यकाल राज्य की प्रगति का इतिहास रचे, हम यही कामना करते हैं.

विदर्भ स्वाभिमान

यह समाचार पत्र मालिक, प्रकाशक,संपादक सुभाषचंद्र जमुनाप्रसाद दुबे द्वारा एस.बी.प्रिंटर्स द्वारा दत्त पैलेस गांधी चौक अमरावती में मुद्रित कर विदर्भ स्वाभिमान कार्यालय,छाया कॉलोनी,अकोली रोड,अमरावती में प्रकाशित किया गया है.मोबाइल नंबर 9423426199/8855019189.अखबार में प्रकाशित होने वाले विभिन्न पत्र,साहित्य,लेखकों,कवियों के विचारों व तथ्यों पर आधारित होते हैं. इनसे संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है.संपादक सुभाषचंद्र जमुनाप्रसाद दुबे (संपादकीय दायित्व हेतु जिम्मेदार), मुख्य प्रबंधक- सौ.वीणा सुभाषचंद्र दुबे.Email-vidarbhäswabhiman@gmail.com.www.vidrabhswabhiman.com



# सभी के प्रेम का सदैव रहूंगा आभारी

## जन्मदिन पर डॉ. रामगोपाल तापडिया ने कहा

अमरावती- जीवन में मित्रों का साथ सदैव प्रेरणा देता है. मित्रों की खुशी और लोगों का प्रेम ही मेरे जीवन की सबसे बड़ी दौलत है. सभी को सदैव नेक विचारों के साथ अच्छे काम करने, मानवता तथा समाजसेवा, दिव्यांग सेवा करने की सीख देने वाले डॉ. रामगोपाल तापडिया का जन्मदिन बुधवार 4 दिसंबर को डॉ. गोविंद कासट मित्र मंडल द्वारा उनके निवास पर मनाया गया. मौके पर लेडी गवर्नर डॉ.कमलताई गवई, भारतीय जैन संगठन के विश्वस्त सुदर्शन गांग,डॉ. राजू डांगे सहित अन्य मान्यवर उपस्थित थे.

इस मौके पर उन्हों ने हजारों चहेतों का शुक्रीया अदा करते हुए कहा कि मेरे जन्मदिन के उपलक्ष्य में सुबह से लेकर रात तक हजारों लोगों ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दी और छोटों ने प्रेम तथा बड़ों ने आशीर्वाद दिया. आप सभी का प्रेम ही मेरे जीवन की सबसे बड़ी ताकत है. आप सभी के प्रेम का सदैव आभारी रहूंगा और यह हमेशा कायम रहने का मुझे विश्वास है. पुनश्च एक बार आप सभी का दिल की गहराइयों से हार्दिक आभार ज़ताया.

आपका
डा.रामगोपाल तापड़िया
अमरावती.




# विदर्भ स्वाभिमान

RNI NO. MAHHIN / 2010 /43881


संपादक : सुभाषचंद्र दुबे प्रबंधक : सौ. विणा एस. दुबे

| | | |
|---|---|---|
| जाहीर सुचना | 10x2 | 500 |
| जाहीर सुचना | 15x2 | 1000 |
| बच्चों का जन्मदिन | 10x2 | 500 |
| शादी की वर्षगांठ | 10x2 | 500 |
| नाम में बदल | 10x2 | 500 |
| गुमशुदा | 10x2 | 400 |
| श्रध्दांजलि | 10x2 | 500 |
| पुण्यस्मरण | 15x2 | 1000 |

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें

विदर्भ स्वाभिमान, छाया कॉलोनी, अमरावती

मो. 9423426199/ 8855019189



# स्वास्थ्य ही खुशियों की कुंजी

## जन्मदिन पर विशेष : डॉ.रामगोपाल तापड़िया हैं बहुगुणी व्यक्तित्व

ज़ीवन में खुशियों के लिए स्वस्थ रहना जरूरी है.धन महत्वपूर्ण है लेकिन स्वास्थ्य उससे अधिक महत्वपूर्ण होता है. यह सीख सभी को देने वाले डॉ. रामगोपाल तापडिया स्वयं प्रसन्नचित रहने के साथ ही अपने साथ वालों को भी सदैव खुश रखने वाले व्यक्ति हैं. उनके जन्मदिन पर जिस तरह से हजारों लोगों ने सुबह से लेकर रात तक उन्हें शुभकामनाएं दी, इसमें राज्य ही नहीं बल्कि देशभर के लोगों का समावेश उनके व्यक्तित्व की ऊंचाई बताने के लिए काफी है. वे कहते हैं कि जितना हो सके, अच्छे कामों से हमें व्यक्तित्व निखारना चाहिए. अच्छाई में दुवाएं और इन दुवाओं के चमत्कारिक परिणाम पर वे भरोसा करते हैं.

सामाजिक भाव रखने वाले मिलनसार डॉ. रामगोपाल तापडिया के मुताबिक मानवता की सेवा सबसे बड़ी सेवा होती है. इसमें सभी को योगदान देना चाहिए. 4 दिसंबर को उनके जन्मदिन पर विदर्भ स्वाभिमान परिवार की करोड़ों मंगलमय हार्दिक शुभकामनाएं. वे स्वस्थ रहें, मस्त रहें, प्रभु चरणों में यही कामना. चेहरे पर सदैव मुस्कान और स्वयं को सदैव व्यस्त रखने वाले प्रेरणादायी व्यक्त्वि हैं.

शहर ही नहीं तो राष्ट्रीय स्तर के होमियोपैथी विशेषज्ञ, तखतमल होमियोपैथिक महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य के साथ ही पूरा जीवन वैद्यकीय क्षेत्र की गरिमा के साथ मरीजों की सेवा में समर्पित करने वाले डॉ. रामगोपाल तापडिया की



सादगी किसी से छिपी नहीं है. महान हस्ती रहने के बाद भी उनकी विनम्रता जहां किसी को भी प्रभावित करती है, वहीं डाक्टर साहब के चेहरे पर सदैव हंसी एवं मुस्कराहट अन्यों को प्रेरणा देती है.

उनके जन्मदिन पर लेडी गवर्नर डॉ.कमलताई गवई, समाजसेवी सुदर्शन गांग, डॉ. गोविंद कासट, योग गुरू डॉ. राजू डांगे सहित हजारों मान्यवरों ने उन्हें शुभकामनाएं दी. डॉ. रामगोपाल तापड़िया विदर्भ तथा राष्ट्रीय स्तर के वरिष्ठ होमियोपैथी चिकित्सक के रूप में पहचाने जाते हैं. कई असाध्य बीमारियों पर भी उनकी दवाएं सदैव कारगर रही हैं. कोरोना महामारी के दौरान उन्होंने जिस तरह से मरीजों को समुचित मार्गदर्शन के साथ ही हिम्मत बंधाने का काम किया, उसकी सर्वत्र सराहना हुई. इस दौरान कई सामाजिक उपक्रम उन्होंने चलाए. उनकी सादगी किसी को भी प्रभावित किये बगैर नहीं रहती है. पिछले लगभग पांच दशकों से होमियोपैथी डाक्टर के रूप में शहरवासियों की सेवा, प्राचार्य के रूप में 38 साल की सेवा के साथ ही बोर्ड ऑफ स्टडीज के अध्यक्ष के साथ ही उन्होंने कई संस्थाओं में बेहतरीन काम किया है.डॉ. रामगोपाल तापड़िया ने पैसे की बजाय मरीजों को समुचित मार्गदर्शन और कम से कम शुल्क में बेहतरीन सेवा देने के कारण कई ऐसे भी उनके मरीज हैं, जो पिछले तीन-चार दशकों से उनसे जुड़े हैं.वे किसी दूसरे पर भरोसा नहीं करते हैं.वे जितने बेहतरीन डॉक्टर हैं, उतने ही बेहतरीन इन्सान हैं. डॉ. तापडिया के मुताबिक इन्सान को इन्सान की सेवा करनी चाहिए. यही सबसे बड़ा पुण्य का काम है. इतना ही नहीं तो हर व्यक्ति को अपने व्यवसाय के माध्यम से भी सेवा का काम करना चाहिए.मेरे जैसे हजारों मित्रों को उन्होंने तैयार किया है. घर पर रहने के बाद भी राज्य ही नहीं तो देशभर से मरीजों का फोन लगातार शुरू रहता है. लेकिन वादे के पक्के हैं. प्रेम, ज्ञान और सेवा को जीवन का मूल्य मानते हैं. साथ ही अन्यों को भी जीवन को इन्हीं खूबियों के साथ संवारने पर जोर देते हैं.

उनके मुताबिक समझदारी से बड़ा हथियार और विनम्रता से बड़ा कुछ नहीं हो सकता है. अहंकार ही व्यक्ति का दुश्मन होता है. इसलिए अपनी कला, अपनी उदारता पर कभी भी घमंड नहीं करना चाहिए. पत्नी का साथ, पुत्र डॉ. सारंग और बहू डॉ.सोनाली के साथ ही मित्रों को जीवन की खुशी का माध्यम मानते हैं. उनके पुत्र के साथ ही आदर्श बहू सहित पूरा तापडिया परिवार ही समाज के आदर्श है. मरीजों को हिम्मत बंधाने के साथ ही सदैव सही राय देने वाले डॉ. रामगोपाल तापडिया सदैव मानवहित, राष्ट्र हित की बात करते हैं. वे स्वस्थ रहें, मस्त रहें और दीर्घायु हों, भगवान भोलेनाथ के चरणों में यही कामना, उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं.





होमियोपैथी के राष्ट्रीय स्तर के चिकित्सक, मिलनसार और मानवतासेवी आदर्श डाक्टर सहित दर्जनों संगठनों के पदाधिकारी, हम सभी के चहेते




डॉ.रामगोपाल तापडिया

को जन्मदिन की मंगलमय हार्दिक

शुभकामनाएँ

—शुभेच्छुक—
आनंद परिवार, डॉ.गोविंद कासट मित्र मंडल, डॉ. रामगोपाल तापडिया मित्र मंडल तथा विदर्भ स्वाभिमान परिवार,अमरावती.






डॉ. लक्ष्मीकांत राठी

(अखिल भारतीय मानसोपचार विशेषज्ञ संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, लायन्स के भीष्म पितामह, बहुगुणी व्यक्तित्व,संवेदनशील कवि)

अखिल भारतीय मानसोपचार विशेषज्ञ संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, लायन्स के भीष्म पितामह, बहुगुणी व्यक्तित्व,संवेदनशील कवि, जन्मदिन को सामाजिक कामों का त्यौहार के साथ ही अपनों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहने वाले हरदिलअजीज व्यक्तित्व

डॉ. लक्ष्मीकांत राठी

सर को जन्मदिन 7 दिसंबर पर करोड़ों मंगलमय

हार्दिक शुभकामनाएं



शुभेच्छुक- डॉ.लक्ष्मीकांत राठी मित्र मंडल, श्री गोवर्धन हास्पिटल के सभी कर्मचारी. | विदर्भ स्वाभिमान परिवार,अमरावती, अकोला,हिंगोली

# बेहतरीन स्वभाव से ही जीवन में मिलता है सम्मान

## डॉ.नंदकिशोर भुतड़ा : नेकी का भाव भी हमेशा मन को रखता है प्रसन्न, हंसी बांटेंगे तो खुशी ही मिलेगी




**विदर्भ स्वाभिमान, 4 दिसंबर**

**अमरावती- जीवन में जो लोग दूसरों को हंसी देते हैं, हंसाते हैं, उनका जीवन सदैव खुशियों से भगवान भरते हैं. जीवन में हम सभी यात्री हैं, सभी का स्टेशन तय है लेकिन जो लोग दूसरों को खुश रखते हैं, उन्हें जीवन में सदैव खुशी ही मिलती है. इस आशय का मत सुख्यात होमियोपैथिक चिकित्सक, माहेश्वरी पंचायत के पदाधिकारी तथा सभी के चहेते डॉ. नंदकिशोर भुतड़ा ने किया. सदैव खुश रहने वाले डॉ. भुतड़ा का व्यक्तित्व किसी को भी प्रभावित करता है. शारदा नगर गार्डन में लॉफिंग क्लब के माध्यम से स्वयं को खुश रखने के साथ अन्यें को भी इसी तरह की सीख देते हैं.**

ज़ीवन में कुछ लोगों का साथ निश्चित तौर पर सीखने और नई चीज सीखने का मौका देती है. डॉ. भुतड़ा ऐसे ही व्यक्ति हैं. समाज के प्रति उनका समर्पण,जीवन में संस्कार के महत्व और परिवार की खुशी के साथ ही राष्ट्र धर्म को लेकर उनके विचार निश्चित तौर पर सभी के लिए प्रेरणादायी है. लॉफिंग क्लब के माध्यम से जहां वे बेहतरीन स्वास्थ्य का गुर देते हैं और खुशियां बांटते हैं, वहीं युवाओं को बेहतरीन मार्गदर्शन, गरीब मरीजों की मदद में भी सदैव आगे रहते हैं. उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं.


मानवता की सेवा से बड़ा धर्म नहीं है.जितना संभव हो मानवता की सेवा करने के साथ ही स्वयं को खुश रखने के साथ ही अपनों तथा समाज में योगदान देकर समाज को भी खुश रखने का प्रयास करना चाहिए. स्वभाव अगर अच्छा है तो प्रभाव तत्काल बनता है. मीठी जुबान ही जीवन में सदैव अपार प्रेम और लोकप्रियता देती है. इसलिए मानव के रूप में जन्म मिला है तो इसे सच्चे कामों में लगाकर स्वयं को अमर करने का प्रयास करना चाहिए. इस आशय की बात सुख्यात होमियोपैथी चिकित्सक, माहेश्वरी पंचायत के पदाधिकारी और हरदिल अजीज व्यक्ति डॉ. नंदकिशोर भुतड़ा ने किया. अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में विदर्भ स्वाभिमान से बातचीत करते हुए उन्होंने मानवता की सेवा की कीमत और इसके लाभ से अवगत कराया. उनके मुताबिक जीवन पानी का बुलबुला है. हम सभी यहां सफर के साथी हैं. इसलिए सदैव प्रेम, आत्मीयता बांटते हुए मानवता को बढ़ाने में योगदान देना चाहिए. बेहतरीन डाक्टर के साथ ही वे आदर्श पिता, पति, भाई के साथ ही सभी रिश्तों को ईमानदारी से निभाने की जरूरत बताते हुए कहते हैं कि परिवार से बड़ीखुशी कहीं नहीं मिल सकता है. पुत्र तथा बहू के साथ बेटी को भी डाक्टर बनाने के साथ अनुशासन के मामले में सख्त लेकिन दिल के संवेदनशील हैं. उनसे पिछले दस साल से अधिक शमय से संपर्क में आने पर दिल की सुंदरता के साथ किसी की मदद के लिए सदैव तत्पर रहने वाली खूबी प्रभावित करती है. जिन्होंने व्यवसाय की कामयाबी के साथ ही स्वयं को सामाजिक और धार्मिक सेवा में भी समर्पित किया है. मानवता की सेवा के सिद्धांतों को उन्होंने जीवन मैं अंगीकार किया है. उनके के मुताबिक दिल से की जाने वाली मानव सेवा कभी बेकार नहीं जाती है. इससे अपार संतुष्टि मिलती है. हर इन्सान को इन्सान के काम आने का प्रयास करना चाहिए. साथ ही यह प्रयास करना चाहिए कि वह कितने चेहरों पर खुशी देने का प्रयास कर सकता है. ऐसा करने के बाद उसकी खुशियों को कभी ग्रहण नहीं लगता है. सेवा से मिलने वाले सुकून की तुलना दौलत से नहीं की जा सकती है. इसलिए जितना बन पड़े सदैव सेवा करने का काम करना चाहिए.उनके मुताबिक सेवा से मिलने वाले सुकून की तुलना करोड़ों की दौलत से भी नहीं हो सकती है. ऐसे में सदैव यह प्रयास करना चाहिए कि सेवाभावी व्यक्तियों को काम में तल्लीन होना चाहिए. धर्म व्यक्ति को शांति और ताकत देता है.


माता-पिता की महत्ता के साथ ही रिश्तों को निभाने की जरूरत वे जहां प्रतिपादित करते हैं, वहीं स्वयं को सदैव व्यस्त रखते हैं. लाफिंग क्लब द्वारा उनका जन्मदिन शारदा नगर बगीचे में मनाया गया. मानवता की सेवा की सीख दी है. इस काम में सभी की मदद मिलने का जिक्र वे विशेष रूप से करते हैं.सेवा की अविरल धारा सदैव चलाने का विश्वास जताया. विदर्भ स्वाभिमान परिवार की ओर से उन्हें जन्मदिन पर करोड़ों मंगलमय हार्दिक शुभकामनाएं.

माहेश्वरी समाज के गणमान्य व्यक्ति के साथ ही जीवन में सदैव खुश रहने और अन्यों को भी खुशियां देने वाला उनका तरीका सभी के लिए प्रेरणादायी होता है. वे सदैव सकारात्मक सोच को महत्व देते हैं. साथ ही कहते हैं कि मन से जो आदमी प्रसन्न होता है, उसे बीमारी कभी छू नहीं सकती है. वे कहते हैं. जब भी हम किसी की मदद करते हैं, किसी की दुवाएं लेते हैं तो निश्चित तौर पर यह दुवाएं हमारे लिए कारगर साबित होना लगभग तय होता है. प्रेम, ज्ञान, स्वभाव तथा दूसरों की अच्छी सोच ही हमारे लिए बेहतरीन राह तय करती है. ऐसे में सदैव प्रयास करना चाहिए कि मानवता की जितनी सेवा हो सके, सदैव करने का प्रयास करना चाहिए. सभी के चहेते डॉ. नंदकिशोर भुतड़ा को जन्मदिन की मंगलमय हार्दिक शुभकामनाएं. वे स्वस्थ रहें, मस्त रहें, प्रभु चरणों में यही कामना, जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं.

**कु. श्वेता सुभाष दुबे,अमरावती.**


# खुशियों के हर प्रकार के रंग
## उपाध्याय ड्रायफ्रूटस एन्ड फुड के संग







**विदर्भ स्वाभिमान**

**जरूरी नम्बर**

**टोल फ्री**

| | |
|---|---|
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पुलिस सेवा | 112 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एम्बुलेंस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सीएम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सहायता | 1090 |
| महिला सहायता लाइन | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |
| राजापेठ थाना- | 2672010 |


# विदर्भ स्वाभिमान
## विज्ञापन सहयोगी चाहिए

विदर्भ में तेजी से लोकप्रिय, आचार-विचार और संस्कारों को बढ़ावा देने वाले विदर्भ स्वाभिमान को विज्ञापन सहयोगी की आवश्यकता है. बाजार पर पकड़ रखने वाले और आर्थिक मजबूती के साथ ही संभाषण कला में निपुण युवक-युवतियां संपर्क करें. काम के आधार पर मानधन और उनके द्वारा किए गए व्यवसाय पर कमीशन भी दिया जाएगा. मेहनती तथा काम के प्रति जिद्दी युवक-युवतियां ही संपर्क करें.

संपर्क का समय सुबह 10-12 बजे

**मोबाइल 9423426199**

# अमरावती के राष्ट्रीय गौरव हैं डॉ. लक्ष्मीकांत राठी

## संवेदनशील कवि सहित बहुगुणी व्यक्तित्व, 7 दिसंबर को जन्मदिन पर विशेष



ज़ीवन में दुवाएं कभी नहीं जाती हैं बेकार
जितना संभव हो सभी को प्रेम,खुशी दें

**डॉ.लक्ष्मीकांत राठी के जन्मदिन पर विशेष**

शहर ही समूचे जिले के गौरव के रूप में सुख्यात मानसोपचार विशेषज्ञ, संवेदनशील कवि और सामाजिक कामों को नया आयाम देने वाले डॉ. लक्ष्मीकांत राठी को जन्मदिन 7 दिसंबर पर हमारी कोटिशः हार्दिक शुभकामनाएं. वे जितने बेहतरीन डाक्टर हैं, उतने ही अच्छे और मानवता की सेवा को महत्व देने वाले इन्सानियत से लबरेज व्यक्ति हैं. देश की पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभाताई पाटील के हाथों सम्मानित तथा अनेक पुरस्कार प्राप्त किया है. राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में उन्होंने जहां अमरावती को गौरवान्वित किया है, वहीं दूसरी ओर अपने कर्मचारियों को लेकर उनकी संवेदनशीलता न केवल सराहनीय बल्कि अनुकरणीय है. राज्य की शान अ.भा.मानसोपचार विशेषज्ञ संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में अमरावती का नाम राष्ट्रीय स्तर पर चमकाने वाले डॉ. लक्ष्मीकांत राठी अपना हर जन्मदिन सामाजिक समारोह के रूप में मनाते हैं.

इसमें समाज के हर वर्ग की मदद की है. हॉकरों को छत्री देने, दिव्यांग संस्थाओं को भारी भरकम मदद का सिलसिला कई दशकों से करने वाले वे एकमात्र जिले के डाक्टर हैं. उनका कहना है कि जीवन में सब कुछ मिलने के बाद सामाजिक ऋण लौटाने का प्रयास हर व्यक्ति को करना चाहिए.जरूरतमंदों की मदद के लिए सदैव अग्रणी रहने वाले डॉ. राठी द्वारा इस साल भी अपना जन्मदिन अनेकों सामाजिक उपक्रमों के माध्यम से मनाया जा रहा है. सुबह घर पर व बाद में दिन भर सहयोगियों की जरूरी मदद के साथ ही विभिन्न कार्यक्रम रखे गए हैं. सर्वप्रथम डॉ. लक्ष्मीकांत राठी को जन्मदिन की विदर्भ स्वाभिमान परिवार की करोड़ों मंगलमय शुभकामनाएं. वैसे भी वे सदाबहार व्यक्ति के रूप में सुख्यात हैं. वे संवेदनशील कवि हैं और सैकड़ों कविताएं विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई हैं. उनकी कविताओं में संयुक्त परिवार,रिश्ते पर आधारित होती हैं. राष्ट्र धर्म से ओतप्रोत व्यक्तित्व के रूप में वे सदैव स्पष्ट विचारधारा रखते हैं. विगत 17 साल से उनके करीब रहने का मौका मिला है,इस दौरान उनके व्यक्तित्व को समझने का मौका मिला है. वे हंसमुख के साथ ही मानवता की सेवा का भाव रखते हैं. उनके मुताबिक जीवन में अच्छाई कभी बेकार नहीं जाती है.

समय के जहां वे अत्याधिक पाबंद हैं, वहीं उनका मानना है कि जो समय की कद्र नहीं करता है, उसकी कद्र समय भी नहीं करता है.राष्ट्रीय स्तर के मानसोपचार विशेषज्ञ एवं ब्रेन स्पेशालिस्ट रहने के बाद भी उनकी सादगी, उनकी विनम्रता के कारण लाखों मित्र परिवार सर ने बनाए हैं.संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वैद्यकीय क्षेत्र की गरिमा को न केवल बरकरार रखा है, बल्कि लगातार इसे बढ़ाने का काम किया है. वे कहते हैं भगवान ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे बेहतरीन तरीके से निभाना भी सबसे बड़ा पवित्र व पुण्य कार्य है. शहर ही नहीं तो राष्ट्रीय तथा लायन्स क्लब के अमरावती जिले के भीष्म पितामह के रूप में स्थान बनाने वाले डॉ. लक्ष्मीकांत राठी मानसेवी, मानवता की सेवा को प्राथमिकता देने वाले व्यक्ति हैं.वैद्यकीय सेवा को सदैव गौरवान्वित करने का काम उन्होंने किया है.गरीबों के प्रति सर का सदैव लगाव रहा है.अभी तक सैकड़ों जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीन के रूप में उन्होंने मदद की है.बोले तैसा चाले के सिद्धांत का पालन करने वाले डॉ. लक्ष्मीकांत राठी सर को देखकर उनकी उम्र का कोई अंदाजा नहीं लगा सकता है. चेहरे पर सदैव मुस्कराहट, लोगों के प्रति अपार प्यार जैसी खूबियों के कारण राष्ट्रीय स्तर पर सर ने लाखों मित्र परिवार बनाए हैं.स्थानीय राजकमल चौक से चंद कदमों की दूरी पर स्थित श्रीगोवर्धन हास्पिटल भी गरीबों, जरूरतमंदों के लिए आशा की किरण के रूप में सुख्यात है. गंभीर किस्म के कई मानसिक रोगियों को जहां जीवनदान देने का पुण्य उनके खाते में है. उनके मुताबिक सकारात्मक सोच और अच्छा करने की कोशिश से ही सब कुछ संभव होता है. सर क़े इस साल त्रिवेणी खुशियों वाले जन्मदिन पर विदर्भ स्वाभिमान परिवार की करोड़ों शुभकामनाएं.

**विदर्भ स्वाभिमान**


# ग्रामपंचायत कार्यालय टिटंबा

## पंचायत समिती धारणी, जि. अमरावती

### निविदा सुचना क्र. 01

ग्रामपंचायत कार्यालय टिंटंबा यांचे मार्फत 5 टक्के पेसा योजना व जनसुविधा योजना अंतर्गत खालील या कामाची मोहरबंद निविदा ब-01 टक्केवारी प्रपत्रामध्ये बांधकाम विभाग जिल्हा परिषद अमरावती यांचे वर्गातील नोंदणीकृत कंत्राटदाराकडून मागविण्यात येत आहे. को-या निविदा सरपंच/सचिव ग्रा.पं. टिटंबा, ता. धारणी, जि. अमरावती कडून देण्यात येत आहे.

| अ.क्र. | योजनेचे नाव | कामाचे नाव | रक्कम | निविदा सादर करण्याचा कालावधी | निविदा उघडण्याची दिनांक | निविदा फी | बयाना रक्कम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जनसुविधा योजना | 1) टिटंबा येथे स्मशान शेड व ओटा बांधकाम | 10.00 लक्ष | 05/12/2024 ते 12/12/2024 | 13/12/2024 | 500/- | 1 % |
| 2 | 5 टक्के पेसा योजना | 2) टिटंबा येथे पेसा कायदा व वनहक्क कायदा. प्रशिक्षण व अभ्यास दौरा करणे. | 10,0000/- | ----//--- | ----//--- | ----//--- | ----//--- |
| 3 | ----//--- | 3) साव-या येथे पेसा कायदा, वनहक्क कायदा प्रशिक्षण व अभ्यास दौरा करणे. | 10,0000/- | ----//--- | ----//--- | ----//--- | ----//--- |

**अटी व शर्ती :-**

1) निविदेच्या अटी व शर्ती ग्रामपंचायत कार्यालय टिटंबा, ता. धारणी, जि. अमरावती यांचे कार्यालयात कार्यालयीन वेळेत पहावयास मिळेल.

2) निविदा स्विकारण्याचे तसेच काही कारणास्तव निविदा रद्द करण्याचे अधिकार सरपंच/सचिव यांनी राखून ठेवले आहेत.

# बादलों ने ठंड कर दी गायब, बीमारियों ने किया हलकान

## मौसम की आंखमिचौली बनी लोगों की सिरदर्द तुअर, चने के साथ गेहूं की फसल भी खतरे में

**विदर्भ स्वाभिमान,4 दिसंबर**

**अमरावती** - मौसम की आंखमिचौली ने लोगों को त्रस्त कर दिया है. मौसम के कारण किसानों की मुसीबत तेजी से बढ़ी है. इससे तुअर, चना, गेंहू के साथ संतरा की फसल बर्बाद होने की स्थिति में पहुंच गई है. संतरा उत्पादक किसानों की स्थिति चिंतनीय हो गई है. मौसम के कारण किसानों का दर्द बढ़ा है. ठंडी को बादलों ने गायब कर उमस बढ़ा दी है. इससे बीमारों की संख्या बढ़कर सरकारी तथा निजी अस्पतालों में भी मरीजों की भीड़ लग गई है. पिछले एक हप्ते से मौसम में बदलाव वाली स्थिति है. इससे मौसम स्वास्थ्य का दुश्मन बनने के अलावा बीमारियों को भी बढ़ावा दे रहा है. फसलों के नुकसान ने लोगों को जहां चिंतित कर दिया है, वहीं दूसरी



ओर स्वास्थ्य समस्या सभ को परेशान कर रही है. ग्लोबल वार्मिंग की वजह से भी ठंड की तीव्रता और अवधि बढ़ने की उम्मीद है. ग्लोबल वार्मिंग तब होती है जब पृथ्वी के वायुमंडल में सामान्य से ज़्यादा गर्मी फंस जाती है.मौसम में बदलाव का स्वास्थ्य पर असर पड़कर अस्पतालों में मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है. किसानों की आत्महत्याएं भी इससे बढ़ गई हैं. युवा किसान आत्महत्या कर रहे हैं.





## संतोषम परम् सुखम बनाएं सूत्र

**जीवन में कई लोगों को प्रभु भरपूर देने के बाद भी देने की नियति नहीं होती है,वहीं कई ऐसे भी हैं, जो किसी की भावना को समझते हुए उसे खुशियां देने का प्रयास करते हैं. जो देने की नियति रखते हैं, प्रभु उन्हें कम नहीं करते हैं और जो असंतुष्ट रहते हैं, वे सदैव सुखों से महरूम ही रहते हैं. संतोषम परम सुखम को सूत्र बना लो, फिर देखो, जीवन कैसे खुशहाल होता है. खुशियां सदैव बांटने से ही बढ़ती हैं, इसका सदैव ध्यान रखें.आपके जीवन का हर दिन मंगलमय हो.**




उपाध्याय ड्रायफ्रूट्स एन्ड फुडस्,जवाहर रोड के भीतर,अमरावती







ज़वाहर रोड के भीतर,अमरावती.




## गुरूवार 5 से 11 दिसंबर 2024

**मेष**

इस राशि के लोगों के लिए यह सप्ताह बेहतरीन फलदायी रहने वाला है. आपका हर काम इस दौरान सफलता दिलाने वाला होगा. विवाद से बचना होगा. वाहन धीरे से चलाना ठीक रहेगा.

**वृषभ**

भावी योजनाओं के लिए पूरी ईमानदारी से काम करेंगे. दूसरों की भावनाओं का सम्मान करेंगे.रिश्तों में चल रही गलतफहमी दूर होगी.नाहक किसी से विवाद से बचना श्रेयस्कर रहेगा.

**मिथुन**

थोड़ी सी मेहनत भी आपको कामयाबी दिला सकती है. रिश्तों में विवाद टाले. अपनों के बारे में चिंता की संभावना है.यह स्थिति कैरियर के लिए नुकसानदेह हो सकती है. छात्रों को स्पर्धा परीक्षा के लिए की गई मेहनत का पूरा फायदा मिलने वाला है.

**कर्क**

दिखावे के चक्कर में कर्ज का बोझ बढ़ाने से बचें . आपसी सहमति नहीं बनने से कार्यस्थल पर विरोधाभासी स्थिति बन सकती है. धार्मिक यात्रा हो सकती है.

**सिंह**

सप्ताह खुशियों वाला रहेगा. नाहक के विवाद से बचने का प्रयास करना श्रेयस्कर होगा. लीक से हटकर चलना फिलहाल जोखिमपूर्ण है.

**कन्या**

विरोधी साजिश में फंसाने का प्रयास कर सकते हैं. ऐसे में सतर्कता बरतना जरूरी है. संयम से काम लेना उचित रहेगा.

**तुला**

घर और कार्यालय के बीच तालमेल बिठाना जरूरी होगा. किसी से विवाद नहीं करना ही इस समय श्रेयस्कर है.

**वृश्चिक**

दूसरों को प्रभावित करने के लिए स्वभाव में बदलाव का प्रयास करेंगे. निश्चित कामों में सफलता मिलने की संभावना है.प्रयासों की निरंतरता जरूरी.

**धनु**

गुस्से से बना बनाया काम बिगड़ सकता है. विनयशीलता और प्रेम से काम लेने का प्रयास करें. वाहनादि धीरे से चलाएं.

**मकर**

घर के बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर ध्यान दें. समय रहते कदम उठाना उचित रहेगा. अपनों से विवाद टालें. ठंड बढ़ने से स्वास्थ्य संबंधी समस्या पैदा हो सकती है. संबंधों पर विशेष ध्यान दें.

**कुंभ**

आपकी समझदारी से कई समस्याओं का समाधान होगा. यह समझने का प्रयास करें. समझदारी,विनम्रता से सभी काम बनते जाएंगे. नाहक तनाव लेने से बचें.अपनों का साथ मिलना श्रेयस्कर रहेगा. समय का महत्व समझें.

**मीन**

इस सप्ताह छोटा सा प्रयास भी आपको सफलता दिलाने का काम कर सकता है. ऐसे में समझदारी से काम करना उचित है.वाहन धीरे से चलाएं, विवाद टालें.

# विकास का विजन रखने वाले नायक हैं देवेन्द्र फड़णवीस

## महाराष्ट्र के विकास पर अत्याधिक संजीदा, समृद्धि महामार्ग,अटल सेतु, कोस्टल रोड है सबूत-सुदर्शन गांग



**विदर्भ स्वाभिमान, 4 दिसंबर**

अमरावती- भारतीय राजनीति में कुछ ही लोगों ने कम उम्र में अपार काम किया है. उनका विजन जहां पार्टी के लिए मजबूती का कारण है, वहीं जनहित में उनके कदमों की सदैव सराहना होती है. ऐसे ही नेताओं में महाराष्ट्र में चुनाव में रिकार्ड सफलता हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले और विकास का विजन रखने वाले देवेन्द्र फड़णवीस. ज़लशिवार के क्षेत्र में उनका कार्य सराहनीय है. उन्होंने भारतीय जैन संगठन और पाणी फाऊंडेशन को भी सदैव सहयोग किया.

राजनीति में प्रवेश से लेकर नगरसेवक चुनाव, सबसे कम उम्र के नागपुर के महापौर के साथ ही विधायक, विपक्षी नेता होते हुए तीसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री की शपथ गुरूवार को लेने वाले देवेन्द्र फड़णवीस सुलझे हुए नेता माने जाते हैं. उनकी सादगी जहां प्रभावित करती है, वहीं उन्हें नाहक परेशान करने वाले को बुरा नहीं कहते हैं लेकिन उस व्यक्ति का क्या हश्र होता है, यह महाराष्ट्र की जनता ने देखा है. बेहतरीन नेता के साथ ही समृद्धि महामार्ग की उनकी कल्पनाशीलता और इससे विदर्भ के सर्वांगीण विकास का दरवाजा किस तरह खुल गया, यह किसी को अलग से बताने की जरूरत नहीं है. आज जो भी व्यक्ति इससे मुंबई ज़ाता है, वह निश्चित तौर पर देवेन्द्र फड़णवीस के विकास के विजन की सराहना किए बगैर नहीं रहता है. भाजपा को शानदार कामयाबी दिलाने वाले फड़णवीस राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में गुरूवार को शपथ ग्रहण कर रहे हैं, सर्वप्रथम भारतीय जैन संगठन तथा समस्त नागरिकों की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं.

बचपन से मेधावी छात्र रहने के साथ ही बेहतरीन वक्ता के रूप में हर विषय का वे जहां गहन ज्ञान रखते हैं, वहीं हाजिर जवाबी उनकी सबसे बड़ी खूबी है. गंभीर से गंभीर विषय को जिस तरह से हल करते हैं, उसकी सराहना उनके विरोधी भी करते हैं. विपक्षी नेता के रूप में किसानों के खेतों में जाने से लेकर लोगों की समस्याओं के निराकरण की उनकी अदा पर पूरा महाराष्ट्र फिदा है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह भी उनकी कार्यप्रणाली की सराहना करते हैं.प्रधानमंत्री ने तो उन्हें अपना परम मित्र बताया. निश्चित तौर महाराष्ट्र की राजनीति में ध्रुवतारे के रूप में उन्हों ने जिस तरह से अपना स्थान बनाया, वह निश्चित तौर पर अनाकलनीय है. संयम, किसी को पलटा कर जवाब नहीं देने जैसी उनकी खूबी सर्वविदित है.

धुरंधर राजनीतिक खिलाड़ी के रूप में जहां उन्होंने अपना स्वयं का स्थान बनाया, वहीं दूसरी ओर अध्ययनशील नेता के रूप में उनकी ख्याति पूरे राज्य ही नहीं तो दिल्ली तक है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमित शाह के चहेते नेताओं में जहां देवेन्द्र फड़णवीस हैं, वहीं दूरदृष्टि रखने वाले और हर समस्या का हल निकालने की क्षमता रखने वाले नेता के रूप में भी उन्हें गिना जाता है. यही कारण है कि मुख्यमंत्री पद को लेकर राज्य की राजनीति में अस्थिरता के बाद भी उन्होंने कभी किसी नेता के बारे में बयान नहीं दिया. अपने कार्य पर अपार विश्वास जहां उनकी खूबी है, वहीं दूसरी ओर भाजपा को राज्य में सबसे अधिक लोकप्रिय और जनाधार वाली पार्टी बनाने का श्रेय भी जाता है. उनके नेतृत्व में महायुति ने महाराष्ट्र में चमत्कारिक सफलता हासिल की.मुख्यमंत्री रहने के बाद भी निष्ठावान और अनुशासित सिपाही के रूप में उन्होंने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में बिना किसी तरह की नाराजी जताए उपमख्यमंत्री के रूप में ढाई साल तक कार्य किया और साथ ही मन से सहयोग भी दिया.बुधवार को उन्हें विधायक दल का नेता चुनकर और उनके मुख्यमंत्री बनने का मार्ग प्रशस्त हो गया.2014 से 2019 तक, महाराष्ट्र में पांच साल तक मुख्यमंत्री के रूप में देवेंद्र फड़णवीस का कार्यकाल रहा है. उस कार्यकाल से संतुष्ट होकर महाराष्ट्र ने एक बार फिर देवेन्द्र फड़णवीस के नेतृत्व वाले गठबंधन को जनादेश दिया. इससे पहले भी लोगों ने उन्हें मुख्यमंत्री के रूप में स्वीकार किया था लेकिन कुछ क़ारणवश मुख्यमंत्री नहीं बन सके.प्रिय बहनों, युवाओं, किसानों, खेत मजदूरों, कर्मचारियों, व्यापारियों,सामाजिक तबकों ने देवेंद्र फड़णवीस के नेतृत्व पर मुहर लगाई है और महायुति को बड़ी सफलता दिलाई. इसमें कोई संदेह नहीं कि देवेन्द्र जी मुख्यमंत्री बनेंगे, यानि महाराष्ट्र की प्रगति बहुत तेज होगी. समाज के हर वर्ग को वे निश्चित तौर पर साथ लेकर और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, अमित शाह जैसे नेताओं के सहयोग से महाराष्ट्र में विकास के नवयुग का निर्माण करने में सफल होने का पूरा विश्वास है. उन्हें राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में हमारी मंगलमय हार्दिक शुभकामनाएं, वे राज्य के विकास के शिल्पकार बनें, यही कामना, पुनश्च शुभकामना. उनके नेतृत्व में जनता की अपेक्षाएं पूरी होंगी और सर्वजन हिताय और सर्वजन सुखाय का सूत्र महाराष्ट्र में लागू होने का हमें पूरा विश्वास है.



**सुदर्शन जैन, विश्वस्त सामाजिक कार्यकर्ता**




गुणवत्ता विश्वसनीयता तत्पर सेवा

शालेय, महाविद्यालयीन पाठ्य पुस्तक, सामान्य ज्ञान स्पर्धा की विभिन्न किताबे, रजिस्टर, नोटबुक्स, कम्पास सहित सभी प्रकार की फाइलें,बुक्स, स्टेशनरी का एकमात्र विश्वसनीय स्थान. रियायती कीमत तथा तत्पर सेवा ही हमारी विशेषता है.

--संपर्क--

प्रथमेश बुक व जनरल स्टोअर्स, रविनगर चौक, अमरावती.

सन् 1967 पासून

अमरावती शहरात वाजवी दरात सर्वात जास्त प्लाटस्चे सौदे करणारे एकमेव इस्टेट एजंट

संजय एजंसीज्

टाऊन हॉल समोर, नेहरू मैदान,अमरावती.फोन

राजपुरोहित स्टुडियो

फोटोग्राफी की आधुनिकतम साज-सज्जा के साथ ही रियायती कीमत में बेहतरीन गुणवत्ता क़ी विडियो शूटिंग के लिए शहर ही नहीं तो समूचे विदर्भ में एकमात्र विश्वसनीय केन्द्र.फोटोग्राफी, विडियो शूटिंग के साथ अलबम के काम किए जाते हैं.

राजपुरोहित फोटो स्टुडियो

शारदा नगर, रघुवीर मोटर्स के पास,अमरावती.अमरावती.

मो.9028123251


हर गुरूवार नियमित पढ़िये विदर्भ स्वाभिमान








घर का सपना आपका, पूरा करने में योगदान करते हैं हम

थोक की दर में निर्माण साहित्य का विश्वसनीय स्थान